


नवभारत
इंदौर, बुधवार, 01 अक्टूबर , 2025



## एक नजर में

### संस्कृति एवं कला का अद्भुत संगम है गरबा



**उज्जैन।** संगीत, गीत एवं नृत्य मिट्टी के भरे हुए उस अमृत कलश के समान है जिसमें गहराई है, ईश्वर को प्राप्त करने का मार्ग है... विध्वंस के विरुद्ध सृजन के संस्कार हमें भारतीय संस्कृति से ही प्राप्त होते हैं... विश्व के विनाश के लिए अस्त्र-शस्त्र और बम बना रहे हैं.... वहीं कला, संस्कृति के आयोजन संरचनात्मकता को पल्लवित कर रहे हैं। उक्त प्रभावी उदगार 19वें नवरंग गरबा महोत्सव के सप्तम दिवस पर कालिदास अकादमी के मुक्त काशी मंच पर उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह ने उत्सव धर्मियों के उल्लास एवं उत्साह के बीच मध्य व्यक्त किये। इस अवसर पर हजारों गरबा प्रेमियों को मंच से स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेंद्र भारती, समाजसेवी नारायण यादव, पंडित योगेश शर्मा, पार्षद दिलीप परमार, नारायण सिंह भाटिया उपस्थित थे। अतिथि स्वागत नवरंग सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष मुकेश यादव, संयोजक अभय यादव, सचिव डॉ. गोविंद सोलंकी, उपाध्यक्ष प्रकाश यादव, आजाद ठाकुर, शैलेंद्र शर्मा ने किया। गरबा डांडिया के सूत्रधार शैलेंद्र व्यास थे। इस अवसर पर अतिथि द्वारा नृत्य गुरु पलक पटवर्धन एवं गरबा टीम की नारी शक्ति का प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया। आभार अभिमन्यु यादव ने व्यक्त किया।

### तीन दिवसीय आवासीय धर्म संस्कार शिविर प्रारंभ



**उज्जैन।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सम्यक द्वारा तीन दिवसीय आवासीय धर्म संस्कार शिविर का भव्य आयोजन सिद्ध क्षेत्र तपोभूमि, उज्जैन में प्रसन्न मन: 108 मुनि श्री प्रणुत सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में आरंभ हुआ। शिविर में 8 वर्ष से 25 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 300 बालक-बालिकाएं उत्साहपूर्वक सहभागी बने हैं। तीन दिनों तक शिविरार्थी बच्चे मोबाइल, इंटरनेट, टीवी, अखबार से पूर्णत: दूर रहकर आध्यात्मिक वातावरण में जीवन मूल्यों एवं धर्म-संस्कारों की शिक्षा प्राप्त करेंगे। विशेष आकर्षण यह है कि मुनि श्री प्रणुत सागरजी महाराज स्वयं शिविरार्थियों को आध्यात्मिक व आत्मिक जीवन पर विशेष प्रवचन प्रदान करेंगे। साथ ही बाल ब्रह्मचारी पीयूष भैया एवं चक्रेश भैया भी बच्चों को धर्म का ममत्व एवं जीवन में आध्यात्मिकता का महत्व समझाने के लिए विशेष कक्षाएं लेंगे। इस अवसर पर मयूरी पाटनी, प्रियंका मोदी एवं पलाश लुहाड़िया ने बताया कि शिविर का उद्देश्य युवाओं में आध्यात्मिक चेतना जागृत करना और उन्हें धर्म-संस्कारों से जोड़ना है। शिविर के मुख्य पुण्यार्जक लविश जैन, हितेश जैन, अश्विन कासलीवाल, अभिषेक विनायका, चेतन राणा, संदीप पतंग्या, अंतिम जैन, गौरव लुहाड़िया और मोहित बोहरा हैं। पूरे आयोजन के प्रति समाजजनों में गहरी उत्सुकता और प्रसन्नता का वातावरण है।




### स्वास्थ्य शिविर में 75 लोग लाभांवित

**उज्जैन।** युवा मंच सत्संग समिति के तत्वावधान में उज्जैन नगर की बस्तियों में नि:शुल्क नेत्र शिविर के प्रथम शिविर का शुभारंभ श्री हिरदेश्वर महादेव मंदिर हीरा मिल परिसर जीरो पॉइंट ब्रिज के पास हुआ। जिसमें 75 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। अजीत मंगलम ने बताया कि जांच में 10 मोतियाबिंद के ऑपरेशन निकले। जिनका ऑपरेशन अमृत हॉस्पिटल इंगोरिया में कराया जाएगा। ठहरने व भोजन की व्यवस्था, लाने ले जाने की व्यवस्था, नि:शुल्क ऑपरेशन, नि:शुल्क चश्मा, दवा नि:शुल्क दी जाएगी। शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सागर मारोठिया ने भी सेवाएं दी। बीएसजी क्लिनिक सेंटर के सहयोग से बीसीएम शुगर की जांच नि:शुल्क की गई। साथ ही सचिन ठाकुर ने भी सेवा दी। शिविर में मनोहर परमार, महेश सोनोने, विजय तिवारी, पारस कुमार जैन, पं. संतोष शर्मा, नीता राठौर आदि ने सेवाएं दी। मंगलम के अनुसार 12 को दूसरा कैंप धनीराम गायकवाड के संयोजन में इंदिरा नगर में आयोजित होगा।

### गरबे में यामिनी ठाकुर ने दी प्रस्तुति

**उज्जैन।** प्रसिद्ध समाजसेवी महेश परियानी के नेतृत्व में पार्क पैलेस में चल रहे सिंधी समाज के गरबे मे बॉलीवुड अभिनेत्री, मॉडल यामिनी ठाकुर अपनी विशेष प्रस्तुति देने आई। उन्होंने हजारों लोगों के बीच गुजराती गीतों पर सभी के साथ मिलकर गरबे किये एवं अपनी विशेष प्रस्तुति दी। पूरा माहौल फिल्म सिटी जैसा हो गया। सभी ने मॉडल कलाकार के साथ गरबे किये। सैकड़ो, महिला एवं पुरुषों ने उनके साथ सेल्फी भी ली। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत सच्चिदानंद, राजा भैया एवं राकेश गुरु शनि मंदिर थे। लोकेश आडवाणी एवं कपिल बाशानी ने अतिथियों का शाल पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभी को भी शाल पहनाकर सम्मानित किया। गोपाल बलवानी, लोकेश आडवाणी, गोपी राजवानी ने भी अतिथियों का स्वागत किया। सभी का आभार लोकेश आडवाणी ने माना।

### स्वदेशी उत्पादों को अपनाने पर जोर




**उज्जैन।** भारतीय ज्ञानपीठ परिसर में खादी ग्रामोद्योग विकास मंडल उज्जैन ने एक नवाचार करते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को ग्राम उद्योग से निर्मित वस्तुओं को अपनाने, उनकी खरीदी कर आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प दिलवाया। खादी ग्राम उद्योग आयोग भोपाल के सहायक निदेशक वीरभान सिंह धनगर ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय से आत्मनिर्भरता पर जोर दे रहे हैं। स्वदेशी उत्पादों पर निर्भरता ही राष्ट्रीय हितों को लाभ पहुंचा सकती है। कार्यक्रम में सैकड़ो स्कूली छात्राएं एवं खादी ग्राम उद्योग विकास मंडल के अध्यक्ष संदीप कुलश्रेष्ठ, सचिव स्वदेश शर्मा, संचालक डॉ. विनोद बैरागी, डॉ. एसएन पांडे, अनिल गुप्ता, अरुण देशपांडे, डॉ. सुमित सकरगाए, विश्वास शर्मा के अलावा अमृता कुलश्रेष्ठ, डॉ. प्रदीप पंड्या, डॉ. नीलम महाडिक, रचना श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ नागरिक जन भी उपस्थित रहे और उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का संकल्प लिया।

# इस बार आतंकवादी के स्वरूप में जलेगा आतताई रावण, एक-47 और ब्रह्मोस मिसाइल भी हाथों में होगी

## 62वां दशहरा महोत्सव का आयोजन पहलगाम की दर्दनाक घटना पर होगा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा आयोजन





**उज्जैन।** पहलगाम में हुई दर्दनाक घटना को आखिर कौन भूल सकता है। जहां पर आतंकवादियों ने निर्दोष सेलानियों की दर्दनाक हत्या कर दी थी, ऐसे में इस बार दशहरे पर रावण का पुतला आतंकवादी के स्वरूप में जलाया जाएगा।

नवभारत से चर्चा में ओम अमरनाथ खत्री और शिवा खत्री ने बताया कि हर बार की तरह दशहरा मैदान पर रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रतिवर्ष अलग-अलग थीम पर रावण का दहन किया जाता है, जो बुराई पर अच्छाई का प्रतीक माना जाता है इस बार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। शहर की गौरवशाली परंपरा, दशहरा महोत्सव, इस वर्ष भी भव्यता के साथ मनाया जाएगा। दशहरा उत्सव समिति द्वारा स्वर्गीय लाला अमरनाथ की स्मृति में आयोजित होने वाला यह 62वां महोत्सव 2 अक्टूबर 2025, गुरुवार को स्थानीय दशहरा मैदान पर आयोजित होगा। समिति ने इस बार रावण दहन को एक विशेष थीम दी है, जिसके तहत 101 फीट ऊंचे रावण का पुतला आतंकवादी स्वरूप में प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरानुसार नगर के संभागायुक्त आशीष सिंह एवं जिलाधीश रोशन कुमार सिंह द्वारा किया जाएगा। जबकि जिला पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा मध्य आतिशबाजी का शुभारंभ करेंगे। सायंकाल 7 बजे से प्रारम्भ होने वाले इस महोत्सव में ज्वलन शर्मा एवं अमित शर्मा के समूह द्वारा भजनों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनामिका शर्मा द्वारा किया जाएगा। दशहरा महोत्सव समिति के समन्वयक डॉ. प्रकाश रघुवंशी और अन्य सदस्यों ने नगर के नागरिकों से अपील की है कि वे इस भव्य आयोजन में उपस्थित होकर पर्व को सफल बनाएं। विशेष अतिथि के तौर पर सांसद अनिल फिरोजिया, पूर्व सांसद डॉ. सत्यनारायण जटिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक महेश परमार, महापौर मुकेश टटवाल, और संभागायुक्त आशीष सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

### पहलगांव की घटना की थीम 101 फीट का आतंकी रावण

कार्यक्रम आयोजन समिति के प्रमुख शिवा खत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष रावण के पुतले में एक बड़ा बदलाव किया गया है। पहलगांव की दर्दनाक घटना को ध्यान में रखते हुए, 101 फीट के इस विशाल पुतले को आतंकवादी स्वरूप दिया जाएगा। पुतले के हाथों में एके 47 और ब्रह्माशस्त्र मिसाइल प्रदर्शित होंगी, जो बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में रावण की आतंकी शैली को दर्शाएगा। यह विशेष पुतला इस वर्ष के आयोजन का प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेगा। रावण के निर्माण का कार्य उज्जैन के कलाकार रामलखन कहार द्वारा किया जा रहा है। दशहरा महोत्सव में इस बार भी भव्य आतिशबाजी का प्रदर्शन होगा। देश के जाने-माने आतिशबाज, जिनमें देवास के रशीद खान और ग्वालियर के सीताराम शामिल हैं। विभिन्न गगनचुम्बी स्वरूपों में आतिशबाजियों का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित रहेंगे।

# कैमरे की मदद से पकड़ाया शोरूम में चोरी करने वाला बदमाश

**उज्जैन। चार दिन पहले ट्रैक्टर शोरूम में चोरी करते कैमरे में कैद हुआ बदमाश सोमवार को गिरफ्त में आ गया। उसके पास से चोरी के 4 हजार रूपये, मोबाइल बरामद किया गया है। कुछ राशि उसने खर्च कर दी थी। बदमाश आदतन चोर है, उसने चित्तौड़गढ़ में भी चोरी करना कबूल किया है।**

चिमनगंज थाना क्षेत्र के एमआर-5 मार्ग पर 24-25 सितंबर की रात एक बदमाश ने ट्रैक्टर शोरूम का ताला तोड़कर नगद राशि, मोबाइल और अन्य सामान चोरी कर लिया था। वारदात के बाद शोरूम संचालक की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे देखे थे, जिसमें बदमाश का चेहरा स्पष्ट दिखाई दिया था। जिसके आधार पर उसकी तलाश शुरू की गई और सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे पूछताछ के बाद 4 हजार रुपए नगद और मोबाइल बरामद किया गया। बदमाश कोढ़िया बस्ती का रहने वाला अजय पिता बाबूलाल सोलंकी होना सामने आया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने चित्तौड़गढ़ में चोरी करना कबूल किया है। संबंधित थाना पुलिस संपर्क किया गया है। बदमाश खिलाफ पूर्व में भी शहर में 2 चोरी और 1 मारपीट का मामला दर्ज होना सामने आया है।

शोरूम में चोरी करने वाला बदमाश पूर्व में माधवनगर थाना क्षेत्र में चोरी कर चुका था। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जहां से कुछ दिनों पहले ही रिहा होकर आया था और फिर से चोरी को अंजाम देने लगा। बताया जा रहा है कि बदमाश अकेले ही चोरी को अंजाम देता है। फुटेज सामने आने पर उसे गिरफ्तार करने में एएसआई दिनेश सारोठिया, राजेश पंचोली, प्रधान आरक्षक महेश बैस और आरक्षक आंनद मिश्रा का सहयोग रहा।

### ससुर को कब्जा मिला तो बहू ने तोड़ा ताला

उज्जैन। माकडोन में रहने वाले बालाराम पिता बद्रीलाल लौहार 67 साल के पुत्र की 5 साल पहले मौत हो गई थी। जिसके बाद से बहू मकान पर कब्जा करने का प्रयास कर रही है। उसने कब्जा करने के बाद ससुर पर दुष्कर्म का आरोप भी लगा दिया था। ससुर ने मकान पर कब्जा करने का मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया। कुछ दिनों पहले न्यायालय ने मकान का कब्जा बालाराम को दिलवा दिया। इसी बात से बहू नाराज थी, वह झुमकी रोड पर बने मकान का बीती रात ताला तोड़ा और अंदर घुस गई। बालाराम को बहू द्वारा मकान पर फिर से कब्जा करने खबर मिली तो वह मौके पर पहुंचा। बहू ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। बहू द्वारा की गई मारपीट की शिकायत बालाराम ने माकडोन पुलिस को दर्ज कराई। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि बहू के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर मकान से कब्जा छोड़ने की बात कहीं और दोबारा से विवाद करने पर सख्त कार्रवाई की हिदायत दी है।

### पिकअप बाइक भिड़ंत में एक की मौत

उज्जैन। बाइक और पिकअप के बीच हुई आमने सामने की भिड़ंत में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने दस्तावेज मिलने पर पहचान की और परिजनों को सूचना दी। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम रूई में मंगलवार शाम को बाइक और पिकअप में भिड़ंत हो गई थी। दुर्घटना की सूचना मिलती है पुलिस मौके पर पहुंची बाइक सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था उसे सड़क अस्पताल पहुंचाया गया उसके पास से मिले दस्तावेजों से पहचान अभिषेक पिता राधेश्याम 25 साल निवासी खाचरोद के रूप में हुई। परिजनों को सूचना दी गई है। शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। पुलिस के अनुसार परिजनों के आने पर ही मृतक के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ पाएगी। फिलहाल मर्ग कायम किया गया है बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जाएगा। विदित हो कि अभी सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ निरंतर बढ़ता ही जा रहा है। इसका कारण चालकों का गति पर नियंत्रण नहीं रहना है।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को छोड़ने जा रहे सरपंच का छीना मोबाइल, स्टांप पर कराए साइन

## महिलाओं को घुमाने का आरोप लगाकर मांगे 3 लाख

**उज्जैन। गांव में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को बाइक से छोड़ने जा रहे सरपंच को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के रिश्तेदार ने देख लिया और सरपंच का मोबाइल छीन लिया। आरोप लगाकर 3 लाख की लिखापढ़ी के चार स्टाप पर धमकी देते हुए हस्ताक्षर करवा लिया। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज आरोपी की तलाश शुरू की है।**

तराना थाना क्षेत्र के ग्राम चूनाखेड़ी में सूरज पिता बद्रीलाल धाकड़ 52 साल सरपंच है। 24 सितंबर को वह मास्टर माइंड स्कूल के सामने रूपाखेड़ी रोड से गुजर रहा था। उसी दौरान परिचित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मिली और गांव तक छोड़ने की बात कही। सरपंच ने उसे अपनी बाइक पर बैठा लिया। तभी महिला कार्यकर्ता के रिश्तेदार ने उन्हें देख लिया और सरपंच पर महिलाओं को घुमाने का आरोप लगाते हुए मोबाइल छीन लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए रुपयों की मांग की। महिला कार्यकर्ता के रिश्तेदार तूफानसिंह ने कहा कि रुपए लेकर आओ तो मोबाइल वापस ले जाना। चार दिन बाद तूफानसिंह ने फिर सरपंच को रोका और चार स्टाप निकालकर जबर्दस्ती सरपंच के हस्ताक्षर करवा लिए जिसमें 3 लाख रुपए की लिखापढ़ी थी। डरा-धमकाकर कराए गए हस्ताक्षर की शिकायत पर सरपंच ने थाने पहुंचकर की। पुलिस ने तूफानसिंह की शिकायत पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है। एसआई हरिराम अंगोरिया ने बताया कि महिला ने भी घर छोड़ने की ही बात कही लेकिन रिश्तेदार बेवजह शंका कर रहा था। एसआई के अनुसार आरोपी को गिरतार कर उससे हस्ताक्षर कराए गए स्टाप जप्त किए जाएंगे।

# गढ़कालिका में महंत रामनाथजी ने की पूजा

**उज्जैन।** शारदीय नवरात्रि की महाष्टमी पर मंगलवार को उज्जैन के प्रसिद्ध गढ़कालिका मंदिर में नाथ संप्रदाय की तरफ से भर्तृहरि गुफा के महंत योगी पीर श्री रामनाथ जी महाराज ने पूजा-अर्चना संपन्न की। दोपहर में महाराज प्राचीनकाल से चली आ रही इस परंपरा का निर्वहन करने के लिए गुफा के साधु-संतों एवं भक्तों के साथ ढोल से यात्रा के रूप में मंदिर पहुंचे और पूजा की। इस दौरान मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वज अर्पित किया गया। महंत श्रीरामनाथ जी महाराज ने मां गढ़कालिका की गर्भगृह में जाकर संपूर्ण विधि-विधान से पूजा की तथा आरती कर भोग आदि लगाया। मां को लाल चुनरी भी अर्पित की गई। नवरात्रि की महाअष्टमी पर हर वर्ष नाथ संप्रदाय की ओर से मंदिर में महंत या उनके प्रतिनिधि यह पूजा संपन्न करते हैं।

# देश के एनसीसी कैडेट्स ने महाकाल के दर्शन किए और महाकाल लोक घूमे

**उज्जैन।** इंदौर में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत एनसीसी कैंप में भाग लेने आए देशभर के कैडेट्स ने मंगलवार को उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने महाकाल लोक का भ्रमण भी किया। एमपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी इंदौर से कुल 497 कैडेट्स यहां पहुंचे थे। उन्होंने दर्शन के दौरान यहां अधिकारियों व पंडे-पुजारियों से मंदिर के बारे में जानकारी भी प्राप्त की। मंदिर समिति ने सभी को नि:शुल्क अन्नक्षेत्र में भोजन प्रसादी भी ग्रहण कराई।

### रंग बरसे सीजन 7 में 3 को

**उज्जैन।** 3 अक्टूबर शुक्रवार सायं 7:00 बजे से पं. सूर्यनारायण व्यास संकुल, कालिदास अकादमी, कोठी रोड पर रंग बरसे सीजन 7 में किशोर कुमार के गीतों का रंग बरसेगा। इस संगीतमय शाम में मुख्य आकर्षण जू. किशोर कुमार सुजीत दा, विशेष आकर्षण मेघा चौहान सिंगर इण्डियन ऑइडल फेम, लखन अंबोदिया मुम्बई रहेंगे। अध्यक्ष मनोज सुराणा, सचिव धर्मेन्द्र जैन ने बताया कि अतिथि के रूप में कलावती यादव सभापति नगर पालिका निगम, डॉ. सतिंदर कौर सलूजा महिला चिकित्सक एवं समाजसेवी, सुनीता कलवाड़िया प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी, अंजू सिंह जाट प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय जाट तेजवीर सेना संगठन महिला इकाई, नीना भाटी समाजसेवी रहेंगे। समारोह में गैलेक्सी अवार्ड आलोक श्रद्धा शर्मा ने स्व. कमलकिशोर जी शर्मा पुरस्कार, राजेन्द्र पारुल शाह द्वारा स्व. चंदनबेन रमनलाल शाह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# 25 हजार कन्याओं के पूजन के सफल आयोजन पर किया विधायक का स्वागत




**उज्जैन।** लोकमान्य तिलक महआयोजन समिति के संयोजक और विधायक अनिल जैन कालुहेडा के द्वारा किए गए भव्य आयोजन 121 स्थान पर 25000 कन्याओं का पूजन कर उज्जैन उत्तर का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करा कर ऐतिहासिक कार्यक्रम करने के लिए उज्जैन उत्तर के कार्यकर्ताओं ने अपने विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा का उनके कार्यालय पर जाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता ऋषि वर्मा के नेतृत्व में भी कार्यकर्ताओं ने विधायक जी का स्वागत किया इस अवसर पर लोकमान्य तिलक महा आयोजन समिति के सहसंयोजक और भाजपा जिला महामंत्री जगदीश पांचाल ने कहाकि इस अभूतपूर्व आयोजन के असली हीरो हमारे वह कार्यकर्ता हैं जिन्होंने अथक परिश्रम किया और प्रयास कर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा की परिकल्पना को सार्थक किया और यह ऐतिहासिक आयोजन सफल करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। इस अवसर पर अशोक केथवास, सोनल जोशी, सुभाष डोडिया, रितेश जटिया, विक्रम ठाकुर, विजय चौहान, सत्यनारायण खोईवाल, आशीष जाधव, गब्बर भाटी, गजेंद्र हिरवे, दिलीप परमार, पंकज चौधरी, डॉक्टर योगेश्वरी राठौर, बबीता घनश्याम गौड़, कपिल पाल, बसंत भारती, शानू मेहता, धर्मेंद्र परिहार, संजय कोरट आदी प्रमुख रूप से उपस्थित है।

**जनसुनवाई** — सीईओ जिला पंचायत ने विभिन्न मामलों में की जनसुनवाई

# साहब तालाब क्षेत्र में अतिक्रमण कर अवैध मकान का निर्माण किया जा रहा

नवभारत न्यूज



**उज्जैन।** मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में सीईओ जिला पंचायत श्रेयान्स कुमट के द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई। बड़नगर के ग्राम बंगरेड निवासी महेश चौहान ने आवेदन दिया कि एक व्यक्ति ने मत्स्य पालन के लिए बनाए गए तालाब के क्षेत्र का अतिक्रमण कर वहां अवैध तरीके से मकान का निर्माण करवाया जा रहा है। इस पर एसडीएम बड़नगर को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

उज्जैन निवासी अशोक बलिया ने आवेदन दिया कि ग्राम कराड़िया उर्फ नयाखेडा में शासकीय मार्ग पर एक व्यक्ति के द्वारा अवैध रुप से कब्जा कर लिया गया है और वहां दुकान बनाकर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। इसपर एसडीएम उज्जैन ग्रामीण शहर को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

मुनि नगर निवासी आयोध्या गोयल ने आवेदन दिया कि पिछले दिनों हुई अतिवृष्टि के कारण उनके मकान की छत गिर गई है। प्रार्थिया के पति का देहांत हो चुका है, और वे नि:सन्तान है। अत: उनके घर की छत को ठीक करवाने के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस पर एसडीएम उज्जैन शहर को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बड़नगर निवासी सलमान खान ने आवेदन दिया कि उनकी पैतृक जमीन पर एक दबंग व्यक्ति के द्वारा अवैध रुप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में उक्त भू खंड प्रार्थी के निवास स्थल से कुछ दूरी पर है जिसके कारण उसकी देखभाल नहीं हो पा रही है। प्रार्थी के द्वारा विरोध करने पर अनावेदक द्वारा उसके साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा हैं। इस पर एसडीएम बड़नगर को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। न्यू इंदिरा नगर निवासी कृष्णा बाई पति भरत ने आवेदन दिया कि वे गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करती है तथा वर्तमान में कच्चे मकान में निवास कर रही है। अत: उन्हें शासन की और से नवीन आवासीय पट्टा प्रदान किया जाए। इस पर एसडीएक उज्जैन नगर को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। घट्टिया तहसील के ग्राम रलायता हेवत निवासी गेंदा कुंवर ने आवेदन दिया कि उन्होंने एक स्थानीय व्यक्ति से कृषि भूमि क्रय की थी तथा उसका नामांतरण नहीं हो रहा था। तहसील कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनावेदक द्वारा दस्तावेजों में धोखाधड़ी कर जमीन का रकबा अधिक दर्ज कर दिया गया था। इस पर एसडीओ राजस्व घट्टिया को वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार सीईओ जिला पंचायत एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई।

### राजमिस्त्री प्रशिक्षण सम्पन्न

**उज्जैन।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास के कार्य समय सीमा में संपन्न करने की श्रृंखला में स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (बैंक ऑफ इंडिया) उज्जैन द्वारा 1 सितंबर से चल रहे द्वितीय 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण सत्र का समापन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत से परियोजना अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अजय भालसे मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उम्मीदवारों को नई तकनीक से भवन निर्माण के बारे मे विस्तार से समझाया गया। तकनीकी ज्ञान के साथ साथ उन्हें उद्यमिता विकास से संबंधित विषयों के बारे में समझाया गया। इनका असेसमेंट राष्ट्रीय अकादमी ऑफ रूडसेटी बेंगलुरू टीम के स्वामीनाथ एवं अंकित जटिया ने किया। अतिथियों ने उन्हें प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। संचालन कार्यक्रम प्रवीण सक्सेना ने किया। एएस मालवीय ने आभार व्यक्त किया।